कार्यालय नजारत अनुभाग, सिविल कोर्ट, मुजफ्फरनगर।

दिनांकः 18 अगस्त 2022

–: निविदा सूचना :–

सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है। कि माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्र संख्या–823/IX-CPC/eCourts/Allahabad: 10-12-2019 के अनुपालन में जजशिप, मुजफ्फरनगर में जो कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं ऐसेसीरिज अनुपयोगी/खराब स्थिति में है। उनको जहॉ है जैसा की स्थिति में नीलाम किये जाने हेतु सर्व साधारण से निविदाये आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति इस संबंध में अपनी निविदा बन्द लिफाफे में कार्यालय नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, मुजफ्फरनगर को दिनांक 25 अगस्त 2022 की सायं 4:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक एवं समय तक प्राप्त निविदाओं को दिनांक 26 अगस्त 2022 को समिति के द्वारा समय 4:00 बजे सायं निविदा दाताओं के समक्ष खोला जायेगा। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदाओं पर कोई विचार नही किया जायेगा।

निविदा स्वीकृत होने के पश्चात धरोहर धनराशि अंकन 10,000/–रूपये जमा किये जाने के पश्चात अवशेष धनराशि को निविदादाता द्वारा जमा कराये जाने हेतु कार्यालय द्वारा 03 दिवस का समय प्रदान किया जायेगा। पूर्ण धनराशि जमा कराये जाने के पश्चात ही स्वीकृत निविदादाता द्वारा निष्प्रयोज्य कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं ऐसेसीरिज का कब्जा लिया जा सकता है। स्वीकृत निविदादाता द्वारा अपनी निविदा से इन्कार/निष्प्रयोज्य कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं ऐसेसीरिज को न लिये जाने पर जमानत की धनराशि को जब्त कर लिया जायेगा।

18.8.022	18/8/22	18.8.22
(बाबू राम)	(गोपाल उपाध्याय)	(जय सिंह पुण्डीर)
अपर जिला जज/ न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट)	अपर जिला जज, न्यायालय संख्या–4,	अपर जिला जज, विशेष न्यायालय संख्या–1,
मुजफ्फरनगर।	मुजफ्फरनगर।	मुजफ्फरनगर।
(सदस्य)	**(सदस्य)**	**(अध्यक्ष)**